# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

Tel--05944-242400 e-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com visit-www.nagarnigamrudrapur.com


## "अल्पकालीन ई–निविदा सूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा नगर निगम, रूद्रपुर में 100 नग कूडा रिक्शा की आपूर्ति हेतु द्वितीय बार इच्छुक फर्मो/सेवाप्रदातों/एजेन्सीयों/आपूर्तिकताओं से दिनांक 09.02.2024 की प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 15.02.2024 की सांय 05:00 बजे तक दोहरी निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के अन्तर्गत अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 16.02.2024 को प्रातः 12:00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। ई–निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी /शर्तें उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** तथा नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट **www.nagarnigamrudrapur.com** से डाउनलोड की जा सकती है। ई–निविदा के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजें तक स्वास्थ्य अनुभाग, नगर निगम, रूद्रपुर में सम्पर्क किया जा सकता है। ई–निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| –ह0– | –ह0– |
| (नरेश दुर्गापाल) | (उदयराज सिंह) |
| **नगर आयुक्त** | **प्रशासक** |
| **नगर निगम, रूद्रपुर, (ऊ0सिं0 नगर)** | **ऊधमसिंह नगर** |


## कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

Tel--05944-242400 E-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com


पत्रांक – 3798 /स्वा0अनु0/2023–24/P.B — दिनांक– 08 फरवरी, 2024

**प्रतिलिपिः–** निम्न कों सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

1. कार्यालय जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर ।
2. कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
3. कार्यालय वरिष्ठ कोषाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
4. कार्यालय उपजिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
5. कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।
6. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र **हिन्दुस्तान एवं दैनिक जागरण** को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त ई–निविदा सूचना को 6X8 सेमी0 साईज में अपनी व्यवसायिक दरों में 30 प्रतिशत या उससे अधिक छूट देते हुए अपने समाचार पत्र के आगामी अंक मे प्रकाशन का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल के साथ समाचार पत्र की दो प्रति सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. श्री तपन कुमार राय, डा.ई.आ., नगर निगम रूद्रपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त निविदा सूचना एव निविदा की शर्तों को उपरोक्तानुसार उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट www.uktenders.gov.in एवं नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(नरेश दुर्गापाल)
**नगर आयुक्त**
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)
Tel 05944-242400 E-mail-nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com

# नगर निगम रूद्रपुर में 100 नग कूड़ा रिक्शा की आपूर्ति हेतु ई–निविदा

निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 2000+360 (GST 18%)=2,360.00

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रूद्रपुर द्वारा 02 बिड प्रक्रिया (तकनीकी एवं वित्तीय) के अन्तर्गत ई–निविदा के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023–24 में 100 नग कूड़ा रिक्शा की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकत्ताओं / निर्माताओं / फर्मों / एजेन्सियों आदि से निम्न की–डेट्स के अनुसार अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

| S.No. | Schedule/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Date Of Online Publication | 09/02/2024 | 11:00 am |
| 2. | Documents Download Start Date | 09/02/2024 | 11:00 am |
| 3. | Bid Submission Start Date | 09/02/2024 | 11:00 am |
| 4. | Bid Submission End Date | 15/02/2024 | 05:00 pm |
| 5. | Submission of Hard/Original Copy of Documents: End Date | 16/02/2024 | 11:00 am |
| 6. | Bid Opening Date | 16/02/2024 | 12:00 pm |

कूड़ा रिक्शा का स्पेसिफिकेशन निम्नवत् है–

| क्र0सं0 | स्पेसीफिकेशन |
|---|---|
| 1. | रिक्शा के अगले भाग में पूरी तरह रजिस्टर्ड कम्पनी की किट लगी हो। |
| 2. | रिक्शा फ्रेम पाईप वाला हो। |
| 3. | रिक्शे का अगला पहिया 64 तीली व 06 प्लाई व पिछले दो पहिए लोहे के चौनल हैवी ड्यूटी जिसकी चौड़ाई ढाई इंच एवं मोटाई 18 गेज , मोटर साईकिल का टायर हो एवं अगले व पिछले पहिए में मोटी तीली के स्थान पर 16 गेज के 2.25 एमएम गोलाई के पाईप हो । |
| 4. | रिक्शे का चेसिस **40x40x6** एंगल का लगा हो। |
| 5. | रिक्शे की बाडी के पीछे डम्पर गाड़ी की तरह डाला लगा हो, जो खुलने वाला हो। |
| 6. | रिक्शे की बाड़ी में नीचे **40x40x6** का एंगल लगा जिसकी चौड़ाई सवा इंच व मोटाई एक सूत हो, बाकी बाडी फ्रेम **25x25x3** का एंगल हो एवं बाडी की तले की चादर 16 गेज व साइड चादर 18 गेज की हो, बाडी के फर्श में पानी निकासी हेतु 04 सुराख हों। |
| 7. | कूड़ा रिक्शा बाडी में दो कोट प्राईमर, अन्दर रबड़ सील व बाहर हरे रंग का पेंट व लिखाई सहित कम्प्लीट हो। |
| 8. | रिक्शे की बाड़ी का साइज लम्बाई 30 इंच चौड़ाई 30 इंच और गहराई 16 इंच हो। |
| 9. | पूरे रिक्शे में अन्दर की तरफ दो लेयर की एफ.आर.पी. कोटिंग हो। |

## निविदा की शर्ते निम्नवत् है –

1. सफल निविदादाता को नगर निगम रूद्रपुर मे निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुसार 100 नग कूड़ा रिक्शो की आपूर्ति करनी होगा।
2. वित्तीय निविदा BOQ प्रारूप में रहेगी, तथा निविदादाता का चुनाव प्रस्तुत न्यूनतम दर के आधार पर किया जायेगा।
3. प्रत्येक निविदादाता को एक ही निविदा Submit/डालने का अधिकार होगा। एक से अधिक निविदा Submit/डालने पर निविदादाता द्वारा प्रस्तुत समस्त निविदाओं को निरस्त कर दिया जायेगा।

4. निविदा दो भागों में (तकनीकी एवं वित्तीय) डाली जायेगी। सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोली जायेगी एवं तकनीकी निविदा में अर्ह निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
5. निविदा की अनुमानित लागत रू0 25 लाख है। सफल निविदादाता को अनुबन्ध होने की तिथि से आगामी 01 सप्ताह के भीतर कार्यपूर्ति प्रतिभूति धरोहर राशि के रूप में रू0 2,50,000.00 (रू0 दो लाख पच्चीस हजार मात्र) की बैंक गारण्टी/एफडीआर जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के पदनाम बन्धक हो, को नगर निगम रूद्रपुर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
6. बिड डालने हेतु निम्न प्रपत्र अपलोड करने अनिवार्य होगें किसी भी वांछित प्रपत्र के अपलोड न होने की स्थिति तथा अपठनीय होने की दशा में बिड निरस्त कर दी जायेगी–
   I. निविदादाता को निविदा की धरोहर धनराशि रू0 75,000.00 (रू0 पिचहत्तर हजार रूपये मात्र) की एफडीआर जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के पदनाम बन्धक हो, को तकनीकी निविदा के साथ की–डेट्स के अनुसार मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा उसे स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
   II. निविदा प्रपत्र उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर डाउनलोड व अपलोड किये जायेगें तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाईट के साथ–साथ नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर भी देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड किये जाने की दशा में निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 2000+ 360 (GST 18%)=2360.00 (दो हजार तीन सौ साठ रूपये मात्र) का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के नाम हो, तकनीकी निविदा के साथ की–डेट्स के अनुसार मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त डिमाण्ड ड्राफ्ट को स्कैन कर अपलोड करना होगा। निविदा प्रपत्र मूल्य केवल डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार्य होगा।
   III. निविदादाता को आयकर पंजीकरण प्रमाण पत्र (पैन कार्ड) को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
   IV. निविदादाता को भारत वर्ष के किसी भी राज्य के जी0एस0टी0 पंजीकरण के प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा
   V. निविदादाता को विगत 03 वित्तीय वर्षों (2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) के आई0टी0आर0 को स्कैन कर अपलोड करना होगा। वित्तीय वर्ष 2022–23 की आई0टी0आर0 न होने की दशा में वित्तीय वर्ष 2019–20 की आई0टी0आर0 भी मान्य होगी।
   VI. निविदादाता को विगत 03 वित्तीय वर्षों (2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) का सी0ए0 द्वारा प्रमाणित वार्षिक टर्न ओवर का प्रमाण पत्र (UDIN सहित) प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जिसमें प्रत्येक वर्ष का टर्न ओवर रू0 50.00 लाख (पचास लाख रूपये मात्र) होना चाहिए, जिसके प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। वित्तीय वर्ष 2022–23 का टर्नओवर प्रमाणपत्र न होने की दशा में वित्तीय वर्ष 2019–20 का टर्नओवर प्रमाणपत्र भी मान्य होगा।
   VII. निविदादाता को रू0 100.00 के नोटरीकृत शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि, पूर्व में उसकी फर्म को सम्पूर्ण भारतवर्ष में किसी भी संस्था/विभाग द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है, को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी मूल प्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।

7. निविदादाता को किसी भी सरकारी/अर्धसरकारी कार्यालयों में विगत 3 वित्तीय वर्षो में से 01 वर्ष में सफाई सामग्री उपकरण की आपूर्ति का कार्यदेश एवं सतोषजनक आपूर्ति करने का प्रमाण होना अनिवार्य है। तकनीकी निविदा के साथ उसकी प्रमाणित प्रति पृथक पृथक संलग्न करनी अनिवार्य होगी।

8. आपूर्ति कूड़ा रिक्शा की वारंटी अवधि न्यूनतम 02 वर्ष तक होना अनिवार्य है जो आपूर्ति की दिनांक से प्रभावी होगी। गारण्टी/वारण्टी अवधि में उक्त कूड़ा रिक्शा मे कोई खराबी आने की दशा में आपूर्तिकर्त्ता द्वारा उसे निःशुल्क मरम्मत/बदलने की कार्यवाही की जायेगी।

9. यह कि कूड़ा रिक्शा के निर्धारित मानक गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के अन्तर्गत आपूर्ति होने की पुष्टि सम्बन्धी तकनीकी जॉच सहायक अभियंता (विद्युत) उधमसिंह नगर या उनके स्तर के तकनीकी अधिकारी द्वारा की जायेगी। जाँच सही पाए जाने पर ही भुगतान किया जा सकेगा।

10. आपूर्ति किये गये कूड़ा रिक्शा निर्धारित मानक गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के अन्तर्गत संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उक्त आपूर्ति किये गये कुछ रिक्शा को आपूर्तिकर्त्ता को अपने स्वयं के व्यय पर निर्धारित स्थल से वापस ले जाना होगा तथा निर्धारित मानको एवं विशिष्टियों के अन्तर्गत दूसरे कूड़ा रिक्शा की आपूर्ति 15 दिवस के अन्दर करनी होगी।

11. निविदा के साथ संलग्न किये जाने वाले वित्तीय अभिलेख/ प्रमाण पत्र की वैधता निविदा डालने (Bid Submition Date) की तिथि से अग्रिम 90 दिनो तक के लिए होनी आवश्यक है।

12. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने निरिस्त करने अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर में निहित होगा।

13. **सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी एवं स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।**

14. **किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर में निहित होगा।**

15. **निविदा खोले जाने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर ही खोली जायेगी।**

16. **अनुबन्ध में वर्णित शर्तों के इतर सफल निविदादाता की कोई शर्त एवं दावा मान्य नहीं होगा।**

17. **किसी भी विवाद की स्थिति में नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा दिया गया निर्णय सर्वमान्य होगा। यदि आपूर्तिकर्ता उस निर्णय से सहमत न हो तो प्रकरण आर्बीट्रेटर के माध्यम से निपटाया जायेगा। इस सन्दर्भ में जिलाधिकारी, ऊधमसिंहनगर आर्बीट्रेटर होगें। अपरिहार्य कारणों से जिलाधिकारी महोदय के आर्बीट्रेटर न होने की दशा में उनके द्वारा आर्बीट्रेटर नियुक्त किया जायेगा।**

18. आर्बीट्रेटर का निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। आर्बीट्रेटर के न्यायालय में पक्षकार अपने दावों के समर्थन में जो भी अभिलेख प्रस्तुत करेगें, उसका वहन पक्षकारों द्वारा स्वयं किया जायेगा। आर्बीट्रेटर की फीस का वहन पक्षकारों द्वारा आधा–आधा वहन करना होगा।

नोट– निविदादाता को मात्र क्रम संख्या i, ii एवं vii पर अंकित अभिलेख ही मूल रूप में तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करने होंगे तथा शेष अभिलेखों को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

(कपूर सिंह)
प्र0 स्वास्थ्य लिपिक
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर

(कुलदीप कुमार)
सफाई निरीक्षक
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर

(हर्षपाल सिंह चण्डोक)
नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर

(राजू नबियाल)
सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर
उधमसिंहनगर

(जुबक मोहन सक्सेना)
वरिष्ठ वित्त अधिकारी
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर

(नरेश चन्द्र दुर्गापाल)
नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर

(उदयराज सिंह)
प्रशासक
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर